<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–06 सितम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- जीएसटी की नई दरें नवरात्र के पहले दिन बाइस सितम्बर से होंगी प्रभावी। रोजमर्रा की जरूरत वाली वस्तुओं पर कम हो जायेगा टैक्स।
- राज्य के सभी शिक्षकों और उनके परिजनों को मिलेगी कैशलेश इलाज की सुविधा। शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा।
- परिवहन विभाग की कई योजनाओं का आज शुभारम्भ करेंगे मुख्यमंत्री। डेढ़ लाख जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से भी मिलेंगी परिवहन विभाग की सेवाएं।
- राज्य के अड़तालीस जिलों में आज और कल आयोजित होगी उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा। पचीस लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में होंगे शामिल।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से दिवाली तक वस्तु और सेवाकर यानी जीएसटी में सुधार की घोषणा की थी। देश की अर्थव्यवस्था को अधिक कार्यकुशल और लोगों के हितों के अनुरूप बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने के क्रम में तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद् ने दरों को युक्तिसंगत बनाने को मंजूरी दे दी। नई दरें शारदीय नवरात्र के पहले दिन बाइस सितम्बर से प्रभावी होंगी। पेश है रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं पर जीएसटी दरों में परिवर्तन से होने वाले असर पर एक रिपोर्ट–

***जीएसटी सुधारो से अब घरों को सीधी बचत मिलेगी क्योंकि रोजमर्रा की जरूरत की चीजों और पैकेट फूड पर टैक्स कम कर दिया गया है। हेयर ऑयल, साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, टूथब्रश और शेविंग क्रीम जैसे स्वच्छता उत्पादों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर सिर्फ 5 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, पनीर और सभी तरह की रोटी और पराठा और अन्य भारतीय ब्रेड पर अब कोई जीएसटी नहीं लगेगा। नमकीन, भुजिया, सॉस, पास्ता, नूडल्स, चॉकलेट, कॉफी, कॉनफ्लेक्स, मक्खन और घी जैसे खाद सामग्री पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा साइकिल, रसोई के समान, डायपर और सिलाई मशीन जैसे घरेलू सामान पर भी केवल पांच प्रतिशत ही जीएसटी लगेगा। उपभोक्ता मामले खाद्य सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि खाने पीने की चीजों पर जीएसटी घटाकर शून्य–पांच प्रतिशत करना इस सुधार की सबसे बड़ी खासियत है।***

***गरीब और मिडिल क्लास के लिए एक बडा रिलिफ देना ये प्रधानमंत्री जी के मन में था। तो इसीलिए प्रधानमंत्री जी ने दो लेवल पर जीएसटी का लागू करने का निर्णय किया है। एक है पांच और एक है।***

***वहीं, अलग–अलग वर्गों के उपभोक्ताओं ने भी इन सुधारो का स्वागत किया और आकाशवाणी समाचार से कहा कि वे इसके लागू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।***

***मेरा नाम सपना गुप्ता है। सरकार ने जो बदलाव किया है, उससे हम सभी के जीवन पर ये बहुत बड़ा असर पड़ेगा। पहले तो यह की हर इंसान के महंगाई से बहुत ज्यादा परेशान था अब जो कि कम कर दिए हैं तो लोगों को थोड़ा सा रहता अनुभव होगा।***

***हम सौरभ गुप्ता बोल रहे हैं उत्तर प्रदेश से बीमा और ये कंपनियों का जो जीएसटी फ्री कर दिये हैं और होटल में जो लगता है उसको भी हम कम कर दिये जिससे आम जनता को राहत मिलेगा। अपने जीवन को सुरक्षित कर सकेंगे।***

***जीएसटी काउंसिल का यह फैसला सीधे तौर पर परिवारों का आर्थिक बोझ कम करेगा और उपभोक्तओं की क्रय शक्ति को मजबूत बनाएगा। आदर्श के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शिक्षक दिवस के अवसर पर लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इक्यासी शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया। इसमें बेसिक शिक्षा के छाछठ और माध्यमिक शिक्षा विभाग के पंद्रह शिक्षक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये प्रधानाचार्यो को टैबलेट वितरित किये। उन्होंने बाल कथाओं के संग्रह और बाल वाटिका हस्त पुस्तिका का विमोचन और शैक्षिक नवाचारों के संकलन उद्गम के डिजिटल प्लेटफार्म की लाचिंग भी की। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी और बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह भी मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य के लाखों शिक्षकों को कैशलैस मेडिकल सुविधा देने की घोषणा की है। श्री योगी ने कहा, शिक्षक राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं। इसके अलावा, सीएम योगी ने शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के लिए एक कमेटी गठित करने की भी जानकारी दी।

**सरकार आपके साथ में है इस अवसर पर जब शिक्षक दिवस है तो स्वाभाविक रूप से आप सबके मन में भी होगा कि और क्या हो सकता है हम सब लोग एक चीज की आज घोषणा करना चाहते हैं और वह है कि सभी शिक्षकों को ये शिक्षक हमारे चाहे वह प्राथमिक के हो उच्च प्राथमिक के हो चाहे वह शासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के हो अशासकी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के हों या वित्त पोषित विद्यालयों के हों महाविद्यालय के हों इन सब को हम कैशलैस उपचार की व्यवस्था का लाभ देंगे।**

शिक्षक दिवस के अवसर पर कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक समारोह में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की शिक्षिका प्रोफेसर विभा शर्मा, मिर्जापुर की प्रधानाध्यापिका मधुरिमा तिवारी और भदोही स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक रामलाल सिंह यादव को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज परिवहन विभाग की कई योजनाओं का शुभारम्भ करेंगे। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डेढ़ लाख जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से परिवहन सेवाओं की शुरूआत करेंगे। साथ ही पीपीपी मॉडल के तहत सात बस स्टेशनों और अनुदान आधारित पचीस बस स्टेशनों और कार्यशालाओं का डिजिटल लोकार्पण–शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर परिवहन निगम के बेड़े में शामिल नयी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा।

**********

चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ–सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना को दुश्मन के किसी भी उकसावे पर जवाबी कार्रवाई की खुली छूट दी गयी थी। सीडीएस कल गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में एक संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी आधिकारिक रूप से समाप्त नहीं किया गया है। संगोष्ठी क अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की।

**********

भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोबगे ने कल अपने परिवार के साथ अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन पूजन किये। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें मंदिर के वास्तुशिल्प और आध्यात्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी।

**********

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा–पीईटी दो हजार पचीस, आज और कल प्रदेश के अड़तालिस जिलों में चौदह सौ उन्यासी परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी है। एक रिपोर्ट–

***दो पालियों मे आयोजित होने वाली परीक्षा में पचीस लाख इक्तीस हजार नौ सौ छियानबे अभ्यर्थी शामिल होंगे। आयोग ने दिव्यांग एवं महिला अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उन्हें उनके जिले में ही परीक्षा केन्द्र आवंटित किए हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन की तरफ से कुछ स्पेशल ट्रेने चलाई जा रही है। जबकि परिवहन निगम ने ग्यारह हजार बसों के संचालन की व्यवस्था बनाई है। परीक्षा को लेकर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए भी व्यापक प्रबंध किए गये हैं। पीईटी के कारण प्रशासन ने गोरखपुर सहित कुछ जिलों में शहरी क्षेत्र के सभी स्कूलों को आज बंद रखने का निर्णय लिया है।***

***पहली पाली की परीक्षा सुबह दस से बारह बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर बाद तीन बजे से शाम पांच बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करना अनिवार्य होगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं रितेश।***

**********

प्रदेश के कई जिलों में अभी भी नदियां उफान पर हैं। शाहजहांपुर में गंगा और रामगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है, जिसके चलते कई गांव और मोहल्ले बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। गौतमबुद्धनगर में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। इसे लेकर जिला प्रशासन हाईअलर्ट पर है। यहां अब तक अट्ठारह गांव बाढ़ से प्रभावित है। पीलीभीत, लखीमपुर, बदायूं, फर्रुखाबाद, बलिया, मुज़फ्फरनगर और मथुरा में यमुना, लखीमपुर खीरी में भी नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई गांव बाढ़ की चपेट में है। राज्य के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्य और खाद्य सामग्री का वितरण बड़े पैमाने पर जारी है।

**********